हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 28 अगस्त 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर


तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री


4 पति की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत




## खबर संक्षेप



### श्री रामलला दर्शन योजना 108 श्रद्धालु करेंगे दर्शन

**बैकुण्ठपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में श्रीरामलला दर्शन योजना के लिए छग से अयोध्या तक आस्था स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। बुधवार को जिले के 108 श्रद्धालुओं को अनुविभागीय अधिकारी बैकुंठपुर उमेश पटेल ने हरी झंडी दिखाकर बस को अंबिकापुर के लिए रवाना किया गया। श्रीरामलला दर्शन के लिए जिले से 60 महिला एवं 48 पुरूष शामिल हैं। विदित हो कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा। इसमें अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। ट्रेन में टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेंगे।

### सलका में कृष्णा ट्रेडर्स में चोरी का प्रयास




**बैकुण्ठपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 26 अगस्त की रात अज्ञात चोरों ने कृष्णा ट्रेडर्स में चोरी का प्रयास किया। चोरों ने दुकान के सामने लगी हाईलोजन लाइट को उखाड़ने की कोशिश की और साथ ही दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी निकालने का प्रयास किया। सुबह जब दुकान मालिक पहुंचे तो उन्हें लाइट और सीसीटीवी से छेड़छाड़ के निशान मिले। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन दिनों लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। वहीं मनसुख बिजली सब स्टेशन से बार-बार बिजली कटने की वजह से अंधेरे का फायदा उठाकर चोर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, इससे चोरों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन और बिजली विभाग से व्यवस्था सुधारने तथा पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

### हाईटेंशन तार की चपेट में आया नाबालिग

**बैकुण्ठपुर।** एमसीबी जिले के मुर्किल कमर्जी का एक 14 वर्षीय



किशोर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया है। हादसा एक बस संचालक की लापरवाही से हुआ, जिसने क्लीनर की जगह नाबालिग किशोर को बस में काम पर लगा दिया था। घटना बीते मई महीने की है, जब बारात के दौरान बस में सामान चढ़ाते समय किशोर ऊपर से गुजर रही लाइन से टकरा गया। गंभीर हालत में उसे पहले रायपुर, फिर मनेन्द्रगढ़ और आखिर में बिहारपुर आयुष्मान आरोग्य केन्द्र लाया गया, लेकिन तीन अस्पतालों के चक्कर के बावजूद उचित इलाज नहीं मिला। इस पूरे मामले में पीड़ित के मामा का आरोप है कि बस संचालक ने दबाव बनाकर परिवार को गायब करा दिया है। वहीं बाल संरक्षण और पुलिस अधिकारी भी किशोर को उचित स्वास्थ्य सुविधा दिलाने में विफल रहे हैं। स्थानीय लोग अब इस घटना की निष्पक्ष जांच और दोषी संचालक पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### 20 हजार की आर्थिक सहायता की मंजूरी

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बदरा (अनूपपुर) निवासी मयंक अग्रवाल को उपचार के लिए मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से स्वीकृत 20 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि के आहरण एवं संवितरण की मंजूरी प्रदान की है।

## गणेश चतुर्थी पर गूंजे जयकारे, 10 दिनों तक होगी विशेष पूजा-अर्चना

# आकर्षक पंडालों में विराजे विघ्नहर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

कोरिया समेत एमसीबी जिला बुधवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर पूरा गणेश भक्ति में डूब गया। शहर से लेकर गांव-गांव तक भगवान गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना धूमधाम से हुई।

शुभ मुहूर्त में जैसे ही गणपति बप्पा की प्रतिमाएं पंडालों में विराजित हुई, गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। त्योहार को लेकर दो-तीन दिन पहले से ही पूजा समितियों और भक्तों की चहल-पहल मूर्तिकारों के घरों और कार्यशालाओं में देखी जा रही थी। 26-27 अगस्त को दोपहर से लेकर देर शाम तक मूर्तियां लेने वालों की भीड़ लगी रही। लोग अपनी बारी का इंतजार करते हुए खुशी-खुशी मूर्तियां वाहन पर लादते नजर आए। ट्रैक्टर, पिकअप और बाइकों पर सवार होकर गणेश प्रतिमा को ▶▶ शेष पेज 4 पर




ढोल नगाड़ों की धून पर ऐसे ले गई पूजा समितियां।

**दस दिनों तक रहेगी पूजा-अर्चना की धूम-** प्रतिमा स्थापना के साथ ही अब अगले 10 दिनों तक पूजा-पंडालों में धार्मिक कार्यक्रमों का दौर चलेगा। सुबह-शाम आरती के साथ भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक आयोजन होंगे। कई स्थानों पर सामूहिक भंडारा और प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई है। अंतिम दिन धूमधाम से प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।

### मनेन्द्रगढ़ में गणेशोत्सव की धूम अनेक स्थानों पर विराजे गणपति

**मनेन्द्रगढ़।** गणेश चतुर्थी का पावन पर्व इस वर्ष मनेन्द्रगढ़ में बड़े ही धूमधाम और श्रद्धाभाव से मनाया जा रहा है। नगर के हर कोने में गणपति बप्पा की गूंज सुनाई दे रही है। छोटे-छोटे मंदिरों से लेकर भव्य पंडालों तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है और चारों ओर गणपति बप्पा मोरया, मंगलमूर्ति मोरया के जयकारे गूंज रहे हैं। नगर के फुहारा चौक, मुख्य बाजार, रेलवे कॉलोनी, शिव मंदिर रोड, श्रीराम मंदिर मैदान, विवेकानंद चौक, भगत सिंह तिराहा समेत कई स्थानों पर स्थानीय समितियों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की। बच्चों ने रंग-बिरंगी सजावट कर पंडालों को आकर्षक रूप दिया है। जगह-जगह लाइटिंग, फूलों की झालरें और सजावटी झिलमिलाती झालरें वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना रही हैं। पूरे दिन श्रद्धालुओं का तांता गणपति दर्शन के लिए लगा रहा। गणेश जी की आरती, भजन-कीर्तन और शंख-घंटी की ध्वनि से पूरा माहौल आध्यात्मिक और आनंदमय हो उठा। महिलाओं ने गणपति के समक्ष पारंपरिक गीत गाए, वहीं युवाओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर उत्सव का रंग और गहरा कर दिया। कई गणेशोत्सव समितियों ने सामाजिक संदेशों को भी जोड़ते हुए पंडालों में जल संरक्षण, स्वच्छता, नशा मुक्ति और पर्यावरण बचाओ जैसे विषयों पर झांकियां प्रस्तुत की हैं। वहीं जगह-जगह प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है। गणेशोत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर पुलिस और प्रशासन भी मुस्तैद रहा। श्रद्धालुओं से शांति और भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की गई। आने वाले ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 13 वर्षीय अनन्या ने बनाई सुंदर बाल गणेश प्रतिमा

**मनेन्द्रगढ़।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर नगर की बाल प्रतिभा ने अपनी कला से सभी का दिल जीत लिया है। अग्रवाल लाज रोड निवासी अनन्या अग्रवाल पिता विमलेश अग्रवाल उम्र 13 वर्ष ने अपने हाथों से विघ्नहर्ता बाल गणेश की आकर्षक प्रतिमा तैयार की है। सिर्फ 13 वर्ष की उम्र में इतनी निपुणता और श्रद्धा के साथ प्रतिमा निर्माण करना अनन्या की गहरी लगन और कला के प्रति समर्पण को दर्शाता है। मिट्टी से निर्मित इस प्रतिमा को अनन्या ने पूरी श्रद्धा और भक्ति भाव से सजाया है। उनके इस प्रयास ने न सिर्फ परिवार, बल्कि पूरे मोहल्ले और नगर का गौरव बढ़ाया है। प्रतिमा दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु अनन्या की कला की सराहना कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि इतनी कम उम्र में इस स्तर की कलाकृति सचमुच प्रेरणादायी है और आने वाली पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने का कार्य कर रही है। नगरवासियों ने अनन्या की प्रतिभा को भक्ति और कला का अद्भुत संगम बताते हुए उनकी प्रशंसा की है। गणेशोत्सव के अवसर पर यह छोटी-सी झलक पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है।






सम्मानित करते समाज के लोग।

## मिथिलांचल वासियों ने स्वास्थ्य मंत्री का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोमनहिल

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को हाल ही में हुए कैबिनेट विस्तार में कई नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस उपलक्ष्य में क्षेत्र में निवासरत मिथिलांचल वासियों ने उनके रतनपुर स्थित निवास पर पहुंचकर पारंपरिक पाग एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

गौरतलब है कि मंत्री श्री जायसवाल पहले से ही स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का दायित्व संभाल रहे थे। मुख्यमंत्री ने उन पर भरोसा जताते हुए अब उन्हें चिकित्सा शिक्षा, 20 सूत्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन, पिछड़ा वर्ग विकास विभाग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी भी सौंपी है, इससे प्रदेश की राजनीति में उनकी भूमिका और अधिक प्रभावशाली मानी जा रही है। मिथिलांचल वासियों ने भरोसा जताया कि मंत्री श्री जायसवाल इन विभागों की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करेंगे और समाज के प्रत्येक वर्ग का विकास सुनिश्चित करेंगे। सम्मान ग्रहण करते हुए स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कह कि जनता का प्यार और आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। यही विश्वास मुझे अधिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। मैं सभी विभागों की योजनाओं को धरातल पर लागू करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहूंगा और क्षेत्र की हर समस्या के समाधान की दिशा में ठोस पहल करूंगा। मंत्री ने अपने निवास पर पहुंचे सैकड़ों लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की प्राथमिकता समाज के अंतिम पंक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है और वे इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए ▶▶ शेष पेज 4 पर

## एक टमाटर बना मौत की वजह : भरे बाजार में महिला की हत्या, आरोपी गया जेल

**मनेन्द्रगढ़।** अनूपपुर जिले के बिजुरी कस्बे में सोमवार की शाम उस समय सनसनी फैल गई, जब महज एक टमाटर के विवाद ने एक महिला की जान ले ली। हनुमान मंदिर चौक के भीड़ भरे बाजार में हुई इस घटना ने लोगों को झकझोर दिया।



मिली जानकारी के अनुसार मृतिका सुनीता बंसल उम्र 45 वर्ष पत्नी किशन बंसल निवासी मोहाड़ा दफाई बिजुरी अपने परिजन के साथ तीज त्योहार पर बांस के छींटना-दातुन बेच रही थी। इसी दौरान आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए बांस के डंडे से उन पर हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से महिला मौके पर ही बेहोश हो गई। महिला को तत्काल बिजुरी अस्पताल ले जाया गया, जहां से रायपुर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान कृष्ण मोहन कुमार पिता स्व. बृज किशोर राय निवासी मटिहानी जिला बेगूसराय बिहार के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने कबूल किया कि सब्जी दुकान से टमाटर लेने के विवाद में महिला और दुकानदार ने उसे फटकारा था। इसी गुस्से में उसने डंडे से हमला कर दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मो. उर्र रहमान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मो. इसरार मंसूरी और एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के निर्देशन में बिजुरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा जब्त किया गया और न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### चिरमिरी निगम में कचरा प्रबंधन के लिए 6.26 करोड़ की परियोजना मंजूर

**बैकुंठपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन तथा उप मुख्यमंत्री अरुण साव के प्रयासों से स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के तहत चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र को बड़ी सौगात मिली है। राज्य स्तरीय तकनीकी समिति की 8 वीं बैठक में चिरमिरी नगर पालिक निगम क्षेत्र में सूखे और गीले कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए आधुनिक संयंत्र स्थापित करने तथा संयंत्रों के उन्नयन एवं विकास की योजना को मंजूरी दी गई है। इस परियोजना पर कुल 6 करोड़ 26 लाख 27 हजार रूपए खर्च किए जाएंगे। स्वीकृत परियोजना के तहत सूखे कचरे के लिए उन्नयन एवं विकास के लिए 12 एमआरएफ प्लांट तथा गीले कचरे के लिए 12 नवीन विंड्रो कंपोस्ट प्लांट की स्थापना की जाएगी। संयंत्र निर्माण, उपकरण लागत और अतिरिक्त कार्यों को मिलाकर परियोजना की कुल लागत 4 करोड़ 51 लाख रूपए होगी, जबकि पांच साल के संचालन व संधारण पर 1 करोड़ 75 लाख रूपए खर्च किए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने इस बड़ी पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरूण साव का क्षेत्र की जनता की तरफ से आभार व्यक्त किया है। गौरतलब है कि इस परियोजना के जरिए चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र में कचरा निस्तारण और रीसाइक्लिंग को नई दिशा मिलेगी, इससे शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने में मदद मिलेगी।

## खाद दुकानों का औचक निरीक्षण, नोटिस जारी

**बैकुंठपुर।** कार्यालय उप संचालक कृषि मनेन्द्रगढ़ द्वारा खरीफ सीजन के दौरान किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले उर्वरक समय पर और उचित दर पर उपलब्ध कराने की पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय निरीक्षण दल ने 25 अगस्त को जिले के विभिन्न निजी उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया।

इस निरीक्षण अभियान का नेतृत्व कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार किया गया। इसमें विशेष रूप से किसानों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए सभी आवश्यक पहलुओं की बारीकी से जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दल ने उर्वरक भंडारण की स्थिति, विक्रय पद्धति, निर्धारित दरों का पालन, बिक्री रजिस्टर का संधारण, स्टॉक की उपलब्धता तथा गुणवत्ता मानकों की गहनता से जांच की। यह सुनिश्चित किया गया कि किसानों को न तो किसी प्रकार की कमी का सामना करना पड़े और न ही उन्हें अधिक मूल्य चुकाना पड़े। निरीक्षण दल ने पाया कि अधिकांश प्रतिष्ठानों में व्यवस्थाएं ठीक थीं, किंतु अग्रहरी कृषि सेवा केन्द्र नागपुर और नारायण अग्रवाल बरबसपुर में कई अनियमितताएं उजागर हुईं। इन अनियमितताओं में निर्धारित दर से अधिक पर विक्रय और रजिस्टर संधारण में गड़बड़ियां प्रमुख रहीं। इस पर दोनों प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया तथा भविष्य में इस तरह की गतिविधियां दोहराए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई। उप संचालक कृषि इन्द्रासन पैकरा ने स्पष्ट किया कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराना और समय पर उसका पारदर्शी वितरण कराना कृषि विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसान हमारी कृषि व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी सुरक्षा तथा सुविधा के लिए समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण अभियान चलाए जाते हैं। उन्होंने जिले के सभी निजी उर्वरक विक्रेताओं को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि वे निर्धारित नियमों और दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें, मुनाफाखोरी और अवैध भंडारण जैसी गतिविधियों से दूर रहें, अन्यथा दोषी पाए जाने पर किसी भी स्थिति में वैधानिक कार्रवाई से छूट नहीं दी जाएगी। इस निरीक्षण अभियान के दौरान दल में उप संचालक कृषि इंद्रासन पैकरा के साथ अनुविभागीय कृषि अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार कुर्रे, सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी महेश पैकरा तथा उर्वरक निरीक्षक भी मौजूद रहे। कृषि विभाग की इस सक्रिय पहल से जिले के किसानों में विश्वास और संतोष की भावना प्रबल हुई है तथा यह सुनिश्चित हुआ है कि आगामी खरीफ सीजन में उन्हें उच्च गुणवत्ता युक्त उर्वरक सहजता और समय पर उपलब्ध होगा।

## मीना राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयनित

**मनेन्द्रगढ़।** कोरोना काल में भी अपनी जान जोखिम में डालकर स्कूली बच्चों के प्रति समर्पण भाव से दायित्व निर्वहन एवं प्राथमिक शिक्षा में योग, प्राणायाम नवीन नवाचारों के सफल क्रियान्वयन के लिए मोहल्ला क्लास अंगना में शिक्षा प्राथमिक शाला शंकरगढ़ की शिक्षिका (प्रधान पाठिका) को वर्ष 2025 का राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है।

पतंजलि योग समिति एवं विविध साहित्यिक, सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय घुटरा ग्राम पंचायत निवासी मीना जायसवाल को पूर्व में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण के तहत शिक्षा दूत पुरस्कार, अरविंदो सोसायटी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान, राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान, महिला सशक्तिकरण सम्मान, कबाड़ से जुगाड़ जैसे दर्जनों सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। वर्ष 2006 की नियुक्ति के पश्चात शिक्षिका मीना ने योग एवं प्राणायाम का विधिवत प्रशिक्षण लेकर स्कूली बच्चों को योग से भी परिचित करा रही हैं। प्राथमिक स्तर के स्कूली बच्चों के मनोविज्ञान के अनुसार बाल गीत अभिनय से अध्यापन एवं बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए आत्मविश्वास और अनुशासन के लिए समर्पित शिक्षिका मीना जायसवाल, बच्चों को अपने स्वयं के व्यय से शैक्षिक संसाधन उपलब्ध कराती हैं। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर ब्लॉक स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, जिला स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ कार्यशाला में सम्मान सहित घुटरा ग्राम पंचायत की निवासी ▶▶ शेष पेज 4 पर



### गणेश बनाने का दिया गया प्रशिक्षण

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं परंपराओं के संरक्षण की दिशा में प्रदेश सहित जिले में विशेष पहल की जा रही है। इसी क्रम में इको-फ्रेंडली मिट्टी के गणेश बनाने के लिए प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में किया गया।

## गणेश चतुर्थी पर भूमि पूजन, 2.41 करोड़ की लागत से होगा निर्माण

# ओड़गी नाका में बनेगा नया एसपी कार्यालय



नवीन एसपी कार्यालय के भूमिपूजन पर उपस्थित विधायक, कलेक्टर, एसपी व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में लंबे इंतजार के बाद बुधवार को नवीन पुलिस अधीक्षक कार्यालय के निर्माण की शुरूआत हो गई। ओड़गी नाका स्थित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समीप बनने वाले इस भवन का भूमिपूजन गणेश चतुर्थी के अवसर पर संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े एवं विशिष्ट अतिथि कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी रहीं। विधायक श्री राजवाड़े ने कहा कि पिछले 27 वर्षों के संघर्ष का परिणाम आज जिले को मिला है, यह रजत जयंती वर्ष का एक बड़ा तोहफा है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता एवं समय-सीमा का ▶▶ शेष पेज 4 पर

### भूमिपूजन पर कॉलेज से जुड़े लोगों ने जताई नाराजगी

जिले के अग्रणी पीजी कॉलेज परिसर में एसपी कार्यालय निर्माण के लिए 27 अगस्त को भूमिपूजन संपन्न हो चुका है, लेकिन इस निर्णय को लेकर कॉलेज से जुड़े लोग और छात्र संगठनों में नाराजगी देखी जा रही है। इन लोगों का कहना है कि पीजी कॉलेज के छोटे होते कैंपस को विस्तारित किया जाए ,ताकि भविष्य में एलएलबी, बीएड, डीएड जैसे पाठ्यक्रमों की पढ़ाई भी इसी परिसर में संचालित हो सके। यदि शिक्षा से जुड़ी सभी संस्थाएं एक ही कैंपस में होती तो छात्रों को शैक्षणिक सुविधा और माहौल दोनों का लाभ मिलता, लेकिन कॉलेज परिसर में एसपी कार्यालय खोलने का निर्णय कई दृष्टियों से अव्यावहारिक प्रतीत होता है। ▶▶ शेष पेज 4 पर



## शहर में पंडाल, धरना, जुलूस और रैली के लिए नए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

छग शासन ने नगर पालिका क्षेत्रों में पंडाल, अस्थायी संरचनाओं, धरना, जुलूस, सभा और रैली जैसे आयोजनों के लिए वर्ष 2025 के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। ये नियम सार्वजनिक सुरक्षा, स्वच्छता और यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए बनाए गए हैं। शासन ने आयोजनों को दो श्रेणियों में विभाजित किया है।

पहली श्रेणी में 500 व्यक्तियों तक और 5000 वर्गफुट तक क्षेत्र वाले आयोजन शामिल होंगे, जबकि दूसरी श्रेणी में 500 से अधिक व्यक्तियों और 5000 वर्गफुट से बड़े आयोजनों के लिए प्रावधान किए गए हैं। नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 322 और नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 223 के अंतर्गत यह व्यवस्था लागू की गई है। किसी भी आयोजन के लिए अब बिना अनुमति सार्वजनिक स्थल पर पंडाल या संरचना खड़ी नहीं की जा सकेगी। आयोजकों को कार्यक्रम की तिथि, समय, स्थान, उद्देश्य, मानचित्र, सुरक्षा योजना और स्वच्छता व्यवस्था सहित आवेदन कम से कम सात दिन पूर्व संबंधित निकाय को प्रस्तुत करना होगा। छोटे आयोजनों के लिए आवेदन प्रारूप-बी में और बड़े आयोजनों के लिए प्रारूप-सी में करना अनिवार्य होगा। आवेदन के साथ राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, होमगार्ड एवं अग्निशमन और विद्युत विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। सक्षम प्राधिकारी तीन कार्य दिवस में आवेदन का निराकरण करेंगे और अनुमति पत्र जारी करेंगे। नए नियमों के अनुसार पंडाल और अस्थायी संरचनाएं मजबूत, स्थिर और यथासंभव अग्निरोधी सामग्री से बनानी होंगी। उच्च घनत्व वाले क्षेत्रों में केवल अग्निरोधक सामग्री का प्रयोग होगा। पंडाल मुख्य सड़कों और चौराहों पर नहीं लगाए जाएंगे और यदि अनुमति दी जाती है तो वैकल्पिक मार्ग चिन्हित करना अनिवार्य होगा। विद्युत तारों के नीचे पंडाल निर्माण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा तथा आसपास के भवनों से कम से कम 4.5 मीटर की खुली दूरी रखनी होगी। बड़े और जटिल ढांचों के लिए संरचनात्मक स्थायित्व प्रमाण पत्र लेना होगा और धातु के ढांचे, उचित ब्रेसिंग और एंकरिंग का उपयोग करना अनिवार्य होगा। आयोजन समिति को प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की नियुक्ति करनी होगी, जिनकी सूची और पहचान पत्र स्थल पर प्रदर्शित किए जाएंगे। आयोजन स्थल पर लेआउट मैप, आपातकालीन निर्गमन मार्ग, प्राथमिक उपचार की व्यवस्था, आपातकालीन निकास संकेत, अग्निशमन यंत्र, चिकित्सा किट, पर्याप्त प्रकाश ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ नगर पालिका क्षेत्रों के लिए दिशा निर्देश

## खबर संक्षेप

### अनंत छाबड़ा का योगराज क्रिकेट अकादमी में चयन



**अंबिकापुर।** विनायकम क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ी अनंत छाबड़ा का चयन प्रतिष्ठित योगराज सिंह क्रिकेट अकादमी में हुआ है। अनंत छाबड़ा शहर के व्यवसायी जसविंदर सिंह छाबड़ा (लक्की) के पुत्र हैं। उन्होंने कई वर्षों तक विनायकम क्रिकेट अकादमी में कोच विनायक शर्मा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उन्होंने अकादमी में रहकर क्रिकेट की बारीकियां सीखीं और अपने खेल को निखारा। कोच विनायक शर्मा ने बताया कि अनंत एक समर्पित और प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। योगराज सिंह क्रिकेट अकादमी में उनका चयन हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। हमें विश्वास है कि वह अपने खेल से शहर, राज्य और देश का नाम रौशन करेंगे।

### माउंट लिट्राजी स्कूल में बच्चों ने बनाई गणपति प्रतिमा, की पूजा अर्चना



**अंबिकापुर।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर शहर के माउंट लिट्रा जी स्कूल में मूर्ति निर्माण व सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छोटे बच्चो ने अपनी मासूम कल्पनाओं, रंग-बिरंगे कागजों और सजावटी सामान से बप्पा को नई-नई छवियां दीं। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना और उन्हें पर्यावरण-अनुकूल गणेश उत्सव का महत्व समझाना रहा। विद्यालय में बच्चों द्वारा निर्मित मूर्तियों का पूजन किया गया। इस अवसर पर निदेशक प्रतीक दीक्षित एवं प्रधानाचार्या श्रीमती वर्षा अग्रवाल समेत विद्यालय परिवार ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान श्री गणेश का आशीर्वाद प्राप्त किया। उत्सव के समापन अवसर पर विधिपूर्वक विसर्जन पूजा संपन्न की गई, जिसमें विद्यार्थियों व शिक्षकों ने भक्ति-भाव से भाग लेकर गणपति बप्पा को विदाई दी और उनसे पुनः शीघ्र आगमन की मंगल कामना की।

### दीक्षारंभ कार्यक्रम में नैनो यूरिया पर हुई चर्चा

**अम्बिकापुर।** मार्गदर्शन संस्थान कृषि महाविद्यालय एवं इफको के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित नैनो उर्वरक उपयोग संगोष्ठी एवं




नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का दीक्षारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इफको के महाप्रबंधक संतोष कुमार शुक्ला नैनो यूरिया व नैनो डीएपी के उपयोग के बारे में बताया तथा किसानों की शंकाओं का समाधान किया। उप महाप्रबंधक सुधीर कुमार सक्सेना नैनो यूरिया, डीएपी के प्रयोग की तकनीकी के बारे में बताया। संस्था के अध्यक्ष प्रणवेन्द्र प्रताप सिंह कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि रोजगार के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्ष जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया, कार्यक्रम को पंचायत स्तर पर करने का सुझाव दिया। इस दौरान पूर्व डीन डॉ.वीके सिंह, संस्था के सचिव प्रेमेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व सरपंच कृष्ण कुमार सिंह, पूर्व महाप्रंधक केपी दीक्षित, आशीष कुमार श्रीवास्तव उपस्थित थे।

### कुमारी आइलिन एक्का को खाद्य एवं पोषण में सर्वाधिक अंक

**अम्बिकापुर।** शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातकोत्तर गृह विज्ञान संकाय अंतर्गत खाद्य एवं पोषण संकाय में अध्ययनरत छात्रा कुमारी आइलिन एक्का ने चतुर्थ सेमेस्टर में संत गहिरा गुरू विवि में सर्वाधिक 81.6 फीसदी अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कुमारी आइलिन को विवि ने परीक्षा में 8.67 एसजीपीए ग्रेड प्रदान किया है। छात्रा की इस उपलब्धि पर प्राचार्य एवं विभाग के प्राध्यापकों ने उसे शुभकामनाएं दी है।

## कॉलेजों में 19 हजार से अधिक सीटें खाली

# स्नातक में प्रवेश के लिए 46745 का पंजीयन, 16 हजार ने लिया एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश की तिथि समाप्त हो गई है लेकिन दोनों ही कक्षाओं की सीटें खाली रह गई हैं। इस बार अंतिम तिथि तक कॉलेजों में 50 फीसदी भी प्रवेश नहीं हो सके हैं। अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद भी छात्र-छात्राएं प्रवेश के लिए कॉलेजों में पहुंच रहे हैं तथा प्रवेश की तिथि बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।एसजीजीयू द्वारा स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की प्रक्रिया 16 जून से प्रारंभ की गई थी।

**खास बात**

- प्रवेश के लिए तिथि खत्म होने के बाद पहुंच रहे विद्यार्थी

विवि ने संबद्ध सभी महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ की थी तथा पंजीयन के लिए 30 जून की तिथि निर्धारित की गई थी। पंजीयन के आधार पर संबंधित कॉलेजों को विद्यार्थियों की सूची भेजकर प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए थे। कॉलेजों द्वारा 2 जुलाई को प्रथम मेरिट सूची जारी कर प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इस दौरान कॉलेजों द्वारा कई मेरिट सूची जारी की गई साथ ही एसजीजीयू ने भी प्रवेश पंजीयन के लिए कई बार पोर्टल खोला। प्रवेश के लिए छात्र-छात्राओं ने पंजीयन तो कराया लेकिन प्रवेश नहीं लिया। हालत यह है कि पंजीयन कराने वाले 50 फीसदी छात्र-छात्राओं ने भी अंतिम तिथि तक प्रवेश नहीं लिया जिसके कारण स्नातक कक्षाओं में 19360 सीटें खाली रह गई है। प्राध्यापकों का कहना है कि प्रवेश की अंतिम तिथि खत्म होने के बावजूद प्रवेश के लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थी पहुंच रहे हैं। विद्यार्थियों ने एसजीजीयू के कुलपति को ज्ञापन सौंप प्रवेश तिथि बढ़ाने की मांग की है। विद्यार्थियों की मांग पर एसजीजीयू ने प्रवेश तिथि बढ़ाने का प्रस्ताव उच्च शिक्षा विभाग को भेजा है। कॉलेजों में रिक्त सीटों की संख्या अधिक होने के कारण प्रवेश तिथि में फिर से वृद्धि होने की उम्मीद जताई जा रही है।




**सरगुजा संभाग में 89 कॉलेज**

सरगुजा संभाग के विभिन्न 7 जिलों में कुल 89 महाविद्यालय संचालित हैं। इन महाविद्यालयों में 55 शासकीय एवं 34 अशासकीय हैं शासन द्वारा इन महाविद्यालयों में स्नातक संकायों में 35405 सीट स्वीकृ हैं। स्नातक संकायों में प्रवेश के लिए इस बार 46795 छात्र-छात्राओं ने पंजीयन कराया लेकिन मात्र 16045 छात्र-छात्राओं ने ही अंतिम तिथि तक प्रवेश लिया तथा 19360 सीटें खाली रह गयीं। अब प्रवेश तिथि खत्म होने के बाद छात्र-छात्राओं को कॉलेज में एडमिशन कराने की याद आई है तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी प्रवेश के लिए कॉलेजों में पहुंच रहे हैं। संभाग के सबसे पुराने राजीव गांधी पीजी कॉलेज में भी स्व वित्तीय व्यवस्था से संचालित पाठ्यक्रमों की 80 फीसदी से अधिक सीटें खाली है। स्नातकोत्तर संकायों में भी काफी कम प्रवेश हुए हैं।

**टीसी बनी बाधा**

प्राध्यापकों का कहना है कि प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि में बड़ी संख्या में विद्यार्थी बिना टीसी पहुंचे जिसके कारण उनका एडमिशन नहीं हो सका। अब तिथि समाप्त होने के बाद टीसी लेकर विद्यार्थी पहुंच रहे हैं। कम प्रवेश होने के पीछे समय पर तकनीकी पाठ्यक्रमों का परिणाम घोषित नहीं होने को भी कारण माना जा रहा है। जानकार रोजगार परक पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों की बढ़ती रूचि को भी कम प्रवेश होने का कारण माना जा रहा है। पिछले साल भी निर्धारित तिथि तक कम प्रवेश हुए थे तथा तिथि बढ़ने के बाद 85 फीसदी सीटें भर गई थी।

**भेजा गया है प्रस्ताव**

छात्र-छात्राओं की मांग पर विवि द्वारा प्रवेश तिथि बढ़ाने प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। अभी कॉलेजों में लगभग 52 फीसदी सीटें रिक्त है।

-डॉ.एसपी त्रिपाठी
कुलसचिव, एसजीजीयू

## गैस गोदाम निर्माण के लिए भूमि चिन्हांकन का ग्रामीण कर रहे विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम मदनपुर व पण्डोनगर के मध्य प्रस्तावित गैस गोदाम परियोजना को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है।पहले पण्डो समाज की जमीन अधिग्रहण की कोशिश ने क्षेत्र में हलचल मचाई थी और अब सिलफिली महाविद्यालय के बगल में भारत पेट्रोलियम की गैस गोदाम बनाने की तैयारी ने ग्रामीणों को नाराज कर दिया है।ग्रामीणों का कहना है कि इतनी बड़ी और संवेदनशील परियोजना को घनी आबादी व शैक्षणिक संस्थानों के बीच स्थापित करना भविष्य के लिए खतरे की घंटी साबित होगा।गौरतलब है कि ग्राम मदनपुर व पण्डोनगर के मध्य एनएच 43 किनारे संचालित शासकीय महाविद्यालय सिलफिली के बाजू स्थित खसरा नंबर 142, 143, 144, 145, 147 कुल रकबा 1.00 हेक्टेयर भूमि को भारत पेट्रोलियम के गैस गोदाम निर्माण हेतु स्थल चिन्हांकन की प्रक्रिया गत दिनों पूर्ण की गई है। प्रस्तावित गोदाम स्थल के ठीक पास सिलफिली कई सरकारी व निजी स्कूल स्थित हैं, प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं यहां अध्ययन के लिए आते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यहां सरगुजा संभाग के पांचों जिला हेतु गैस सिलेंडर का भंडारण केंद्र स्थापित हुआ तो किसी भी समय छोटी सी चूक एक भयावह हादसे का कारण बन सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे बच्चे पढ़ाई के लिए कॉलेज और स्कूल जाते हैं। कोई अनहोनी होने की आशंका पर उनके सिर पर हमेशा खतरा मंडराता रहेगा। लोगों का मानना है कि गैस गोदाम के आसपास हमेशा रिसाव,आगजनी और धमाके जैसी दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है यदि ऐसी कोई घटना घटित हुई तो न सिर्फ संपत्ति का नुकसान होगा बल्कि सैकड़ों जिंदगियां भी खतरे में पड़ सकती हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार बड़ी आबादी क्षेत्र और शैक्षणिक संस्थानों के बीच ऐसा प्रोजेक्ट पूरी तरह असुरक्षित है।लोगों ने साफ कहा कि वे संगठित होकर इस प्रोजेक्ट का विरोध करेंगे और यदि जरूरत पड़ी तो धरना-प्रदर्शन और आंदोलन का रास्ता भी अपनाया जाएगा।

- बड़े आबादी क्षेत्र समीप गैस गोदाम का निर्माण होने से सैकड़ों ग्रामीणों की जिंदगी पर बना रहेगा खतरा



## सैनिक स्कूल में हुई स्थानीय प्रशासनिक बोर्ड की बैठक



**अम्बिकापुर।** कैडेटो के सर्वांगीण विकास एवं सैनिक स्कूल के संचालन की दिशा निर्धारित करने के लिए स्थानीय प्रशासनिक बोर्ड की बैठक 21 अगस्त को हुई। बैठक में प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती, उप प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ.पी श्रीनिवास, प्रशासनिक अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर जेम्स नायर, अतिरिक्त कलेक्टर सुनील कुमार नायक, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.दिनेश कुमार झा, सरगुजा विवि के कुलपति डॉ.प्रेम प्रकाश सिंह, सांसद प्रतिनिधि आलोक दुबे, सहायक आयुक्त आजक किरण राजपूत, लोनिवि के प्रतिनिधि नारद सिंह ध्रुव, जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डॉ.एसके सिन्हा तथा अभिभावक सदस्य सुधीर सिंह ने भागीदारी की। प्रशासनिक बोर्ड के अध्यक्ष एयर वाइस मार्शल अमन कपूर विशिष्ट सेवा मेडल बैठक से ऑनलाइन जुड़े। बैठक में विद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक और अधोसरंचनात्मक विकास से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की गयी तथा छात्रावासं के उन्नयन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की गयी तथा छात्रावासों के उन्नयन, खेल सुविधाओं के विस्तार, विद्यालय के डिजिटलीकरण, अश्वशाला सहायक एवं प्रशिक्षक की आउटसोर्सिंग और स्मार्ट क्लासरूम जैसी योजनाओं को स्वीकृति दी गई।

## संत गहिरा गुरु स्मृति फुटबॉल में भैरोपुर टीम विजेता



**राजपुर।** रक्षा वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में संत गहिरा गुरु स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन विकासखंड के ग्राम बासेन में किया गया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज शामिल हुए।

सांसद की उपस्थित में प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया। मैच के समाप्त अवसर पर मुख्य अतिथि ने प्रथम विजेता टीम भैरोपुर शंकरगढ़ को 51 हजार एव कप देकर सम्मानित किया वहीं उपविजेता टीम दाहीडांड बलरामपुर को 31 हजार व कप देकर सम्मानित किया। सांसद श्री चिंतामणि ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है। खेल से सहयोग की भावना का विकास होता है, खेलकूद से बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप सुदृढ़ होते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन होने से प्रतिभावान खिलाड़ियों को मंच मिलता है। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलते हुए जिला एवं राज्य स्तर पर नाम रौशन करने की सीख दी। रक्षा वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक शोभा यादव द्वारा खेल के विजेता उपविजेता के अलावा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री शिवनाथ यादव, भाजपा जिला महामंत्री भानु प्रकाश दीक्षित, भाजपा मंडल अध्यक्ष जगवंशी यादव, अनिल दुबे समेत अन्य मौजूद थे।

## रात्रि गश्त के दौरान मूकबधिर विद्यालय के दो बच्चे घूमते दिखे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान दो मूकबधिर छात्रों को असामान्य स्थिति में घुमते पाए जाने पर उन्हें सुरक्षित उनके विद्यालय पहुंचाया है। 25 की मध्य रात्रि को बिश्रामपुर पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इसी दौरान मूकबधिर विद्यालय के दो बालक बस स्टैण्ड में तड़के 3 बजे दिखे जिनसे पूछकर एवं लिखवाकर पुलिस जवानों द्वारा जानकारी ली गई।

बच्चों द्वारा ज्ञानोदय श्रवण बाधित विशेष विद्यालय बिश्रामपुर के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करना बताया। दोनों मुक़बधिर बालकों को समझाइश देते हुए सकुशल श्रवण बाधित स्कूल ले जाकर स्टाफ गंगा एवं चांदनी को सुपुर्द किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दोनों मुक़बधिर बालक की अन्य बच्चों के साथ कहासूनी व लड़ाई हो गई जिसके बाद नाराज होकर दोनों रात को पीछे तरफ की खुली बॉउंड्री की तरफ से निकलकर नगर में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान पुलिस की नजर इन दोनों पर पड़ी। बताया गया कि मुक़बधिर हॉस्टल में 3 वार्डन की नियुक्ति है इसके अलावा अन्य स्टाफ की भी ड्यूटी लगी रहती है इसके बावजूद रात्रि को दो बच्चे बड़े आराम से हॉस्टल से बाहर निकल गये। इस प्रकार की चूक से एनजीओ प्रबंधन की भारी लापरवाही उजागर होती है। बताया गया कि 1बी-1 सी हॉस्पिटल कॉलोनी समीप संचालित हो रहा उक्त हॉस्टल की पीछे की दीवार को हाल ही में कम्पनी क्षेत्रीय अधिकारी के निर्देश पर तोड़ दिया गया है। इसके बाद से ही उक्त प्रांगण का पिछला हिस्सा अब भी खुला हुआ है,इसकी मरम्मत अभी तक नहीं कराई जा सकी है। जिसके कारण यह घटना हुई है,हालांकि समय रहते पुलिस की जागरूकता की वजह से कोई अनहोनी नहीं हुई,दूसरी तरफ जिले के कप्तान एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने रात्रि गश्त पर तैनात जवानों की प्रशंसा करते हुए कहा कि किसी अनहोनी से पहले ही इन बालकों पर पुलिस की नजर पड़ गई और उन्हें सुरक्षित रूप से उनके विद्यालय पहुंचा दिया गया है जो कि सराहनीय है।

- पुलिस की जागरूकता व समय पर नजर पड़ने से बड़ी अनहोनी होने की टल गई
- हॉस्टल प्रांगण के पिछले हिस्से की दीवार है क्षतिग्रस्त, नहीं हो पाई है मरम्मत

## महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण



**बिश्रामपुर।** सईसीएल प्रबंधन द्वारा मिशन संजीवनी के तहत कंपनी के अधिकारी कर्मचारियों के महिलाओं व बच्चियों के लिए सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण का कार्य सोमवार से आरंभ कर दिया गया है, इसमें 9 वर्ष से 26 वर्ष की बच्चियों व महिलाओं के लिए टीकाकरण का कार्य केंद्रीय चिकित्सालय में शुरु किया गया है।सोमवार को प्रथम दिवस दर्जनों बच्चियों को एचपीवी टीका लगाया गया,इस अवसर पर शिवानी महिला समिति की अध्यक्षा अल्पना सिंह,अर्चना झा,सुनीता कुमार,राजेश्री नारायण,रीता सिंह उपस्थित थी,महिला समिति के सदस्यों ने वैक्सीनेशन कराने पहुंचे बच्चियों को टीकारण के लाभ से अवगत कराया और सर्वाइकल कैंसर के बढ़ते खतरे से भी अवगत कराया,इस दौरान केंद्रीय चिकित्सालय के चिकित्सकों की टीम उपस्थित रहकर टीकारण कार्यक्रम की विस्तृत रूप रेखा के विषय में महिला समिति के अध्यक्ष व सदस्यों को जानकारी दी गई।

- 9 साल से 26 साल की बच्चियों और महिलाओं का किया जा रहा टीकाकरण, सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए दी जा रही विस्तृत जानकारी

## आंगनबाड़ी की जमीन पर अवैध कब्जा, एसडीएम से शिकायत



**प्रतापपुर।** ग्राम पंचायत सेमराखुद्र में शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण करने की शिकायत ग्रामीणों ने एसडीएम से की। साथ ही मामले की जांच कराके अवैध निर्माण रोकने की मांग की है।

एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में ग्राम सेमराखुर्द के कपूरचंद गुप्ता सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया है कि ग्राम सेमराखुर्द स्थित खसरा नंबर-235 रकबा 0.91 हेक्टेयर भूमि शासकीय है, जहां आंगनबाड़ी केंद्र भी बना हुआ है। यह भूमि मुख्य सड़क किनारे स्थित है और आंगनबाड़ी के बच्चों के खेलने एवं यात्री प्रतीक्षालय के लिए सुरक्षित रखी गई है। शासकीय भूमि पर गांव के कुछ लोगों द्वारा न सिर्फ कब्जा कर रहे है बल्कि पक्का मकान निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया गया है कि अतिक्रमणकारियों ने शासकीय भूमि पर लगे आम के पौधे को उखाड़ दिया है और कब्जे का कार्य तेजी से जारी है। जबकि उनके पास ग्राम में पहले से ही कई एकड़ निजी भूमि है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई तथा शासकीय भूमि को आंगनबाड़ी के बच्चों व यात्री प्रतीक्षालय के लिए सुरक्षित करने की मांग की है।

- ग्राम सेमराखुर्द में शासकीय भूमि पर अवैध पक्का मकान निर्माण का आरोप

## ग्राम मसगा में दो हाथी पिछले तीन दिनों से मचा रहे उत्पात

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



प्रतापपुर से लगे ग्राम पंचायत टुकूदाढ मसगा में दो हाथी पिछले तीन दिनों से उत्पात मचा रहे है। हैरानी की बात तो यह है कि हाथियों का उत्पात क्षेत्र में जारी है परंतु वन विभाग हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने के बजाए गांव के मुख्य मार्ग पर बेरिकेट लगाकर बंद कर दिया है जिससे अब क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

वन परिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत टुकूदाढ़ मसगा गांव जो प्रतापपुर से लगा हैं। मुख्य सड़क मार्ग पर मात्र दो हाथी का आतंक ऐसा के वन विभाग द्वारा गांव के रास्ते को ही बैरिकेट लगाकर बंद कर दिया गया। बताया जा रहा है कि आज तीसरा दिन है जहां दो हाथियों के डर से पूरे रास्ते को सील कर देना ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गया है। वन विभाग रात दिन हाथियों की सुरक्षा करने के बजाय सड़क पर बैरिकेड लगाकर हाथी क्षेत्र में दौरा कर अलाउंस कर लोगों को घर से बाहर नहीं निकले हिदायत कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विगत कई दिनों से हाथी इस जंगल में देखे जा रहे हैं क्या सड़क में बेरिकेट कर देने से हाथी गांव की ओर नहीं आएंगे। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग हाथियों को भगाने का कोई प्रयास नहीं कर रहा है और दिखावा के लिए सड़क पर बैरियर बना कर बंद कर दिया है। साथ ही कुछ लोगों को खड़ा करके यह बताया जा रहा है कि हाथी है इधर मत जाइए। ग्रामीणों को कहना है कि हाथी के आने को लेकर अब वन विभाग मजाक बना दिया है। हाथी को बांस व लकड़ी के बेरियर से रोका नहीं जा सकता। हाथी बैरियर को तोड़कर गांव में पहुंच सकता है। क्षेत्र में हाथी है यह वन कर्मी, अधिकारी बताना चाहते हैं। इस तरह का बैरियर लगा देने से अब वन विभाग की किरकिरी हो रही है।

### एक पखवाड़े से फसलों को तबाह कर रहे हाथी, किसान परेशान

**अम्बिकापुर।** मैनपाट में भ्रमण कर रहा 11 हाथियों का दल सुरक्षा की दृष्टि से ग्रामीणों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। हाथियों का दल घरों में तोड़फोड़ मचाने के साथ ही धान की फसल को तबाह कर रहा है। वन अमले की सतर्कता से घरों में तोड़फोड़ मचाने की घटनाओं में कमी आई है लेकिन फसलों की तबाही बढ़ गई है। मैनपाट में सक्रिय हाथियों का दल पिछले एक पखवाड़े से घरों में तोड़फोड़ मचाना बंद कर दिया है लेकिन अभी भी अलग-अलग दलों में बंटकर शाम ढलने के बाद आबादी क्षेत्र के निकट पहुंच जा रहे हैं। अब मक्का एवं मेझरी की फसल लगभग तैयार हो गई है। धान की फसल भी बढ़ गई है। हाथी अब अनाज की खोज में गांव में घुसकर खरीफ फसलों से अपनी भूख मिटा रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से हाथियों का दल लगातार ग्राम नर्मदापुर, दांती ढाब, बरडांड एवं कंडराजा में तबाही मचा रहे हैं। ग्राम कंडराजा में हाथियों ने अधिकांश किसानों की धान, मक्का व मेझरी की फसल को तबाह कर दिया है हाथी प्रायः हर दिन कंडराजा में धावा बोल रहे हैं। यही हाल ग्राम नर्मदापुर, दांतीढाब एवं बरडांड का है। बीती रात 12 हाथियों का दल ग्राम कंडराजा मुडीटिकरा में जबकि दल का एक हाथी पटेलपारा पहुंचकर बस्ती के निकट धान की फसल को रौंद रहा था। हाथी आबादी क्षेत्र में न घुसे इसके लिए वन अमला पूरी रात हाथियों की निगरानी कर रहा है। हाथियों की लगातार आवाजाही एवं आबादी क्षेत्र में घुसने की संभावना पर सुरक्षा के लिए विभाग प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को निःशुल्क टार्च उपलब्ध करा रहा है। कुछ गांवों में हाथी लगातार फसलों को तबाह कर रहे हैं जिसके कारण वन अमला क्षति का आंकलन नहीं कर पा रहा है। इस संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी फेंकू चौबे ने बताया कि वन अमला पूरी रात हाथियों की निगरानी करने के साथ ही ग्रामीणों को सतर्क कर रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को टॉर्च प्रदान किया जा रहा है। कुछ गांवों में हाथी प्रायः हर दिन फसलों को रौंद रहे हैं।



## गवाही देने पर युवक से मारपीट, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** भटगांव थाना अंतर्गत पुराना माईनस कॉलोनी निवासी आर्या झा पति कुंदन झा (26 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पिछले साल 2024 में घर के सामने शिव मंदिर के समीप भटगांव निवासी आदित्य कुमार द्वारा एक्सीडेंट कर दिया जिससे दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना में देवर सूरज झा गवाह है। 20 अगस्त की रात रात पति व देवर सहित बच्चों के साथ घर में थी तभी यश कुमार सिंह, आदर्श कुमार सिंह, आदित्य कुमार सिंह, श्रवण जायसवाल, पियुश मेहता एवं चन्दन जायसवाल घर में आने और गवाही देने पर गाली-गलौज करते हुए देवर सूरज झा के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। साथ ही गवाही देने से मना करने लगे। इधर घटना की जानकारी लगने पर मोहल्ले के लोग पहुंचे तो मारपीट कर रहे युवक मौके पर ही वाहन छोड़ फरार हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 109(1), 115(2), 191(2), 296(बी), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### कीटनाशक पीने से किशोरी की उपचार के दौरान मौत

अम्बिकापुर। कीटनाशक पीने से गंभीर हुई किशोरी की उपचार के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। बताया जा रहा है की किशोरी किसी लड़के से प्रेम करती थी और विवाद होने पर कीटनाशक पी ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।




# हनी सिंह के गाने माफिया का टीजर हुआ रिलीज...

**मुंबई।** मंगलवार को रैपर हनी सिंह की एल्बम '51 ग्लोरियस डेज' के टाइटल ट्रैक माफिया का टीजर रिलीज हुआ। टी-सीरीज के बैनर तले बने इस गाने के टीजर में हनी पाजी का खतरनाक अंदाज देखने को मिल रहा है। इस गाने को अगले महीने 26 सितंबर को रिलीज किया जाएगा। कहा जा रहा है कि ये रैपर का मच अवेटेड गाना है, जिसके लिए फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। गाने के टीजर की शुरुआत होती है हनी सिंह के किश्ती वाले सीन से, जहां वो बोट में बैठकर कहीं पर जा रहे हैं। बोट पर अमेरिका का झंडा लगा हुआ है। इसके बाद वो बहुत सारे लोगों के साथ एक दम डॉन स्टाइल में वॉक करते नजर आते हैं।

लाइफ Style

# कृतिका



## सैयारा ने दिखाई रोमांटिक फिल्मों की ताकत

अभिनेत्री कृतिका कामरा हाल ही में सीरीज सारे जहां से अच्छा में फातिमा के रोल में नजर आई हैं। उनके इस किरदार और शो को ऑडियंस से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। साथ ही कृतिका के काम की भी तारीफ की गई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कृतिका टीवी से लेकर फिल्मों और अब ओटीटी तक, हर प्लेटफॉर्म पर काम कर रही हैं। एक्टिंग के साथ-साथ उन्होंने चंदेरी में सिनाबार नाम से फैशन इनिशिएटिव भी शुरू किया है, जो कारीगारों को मदद और पहचान दिलाने की कोशिश है। एक बातचीत में उन्होंने कहा, मेरा कॅरियर प्रेम कहानियों से शुरू हुआ और ऑडियंस का इतना प्यार मिला कि आज भी लोग मुझे उन्हीं रोल्स के लिए याद करते हैं। लेकिन, हाल के वर्षों में रोमांस को जोखिम माना जाने लगा था। अब सैयारा की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि अच्छी रोमांटिक कहानियां हमेशा लोगों के दिल में उतरती हैं। मैं चाहती हूं कि मुझे एक ऐसी प्रेम कहानी मिले, जो दिल को छूने वाली हो, जो ऑडियंस को हंसा भी सके और रुला भी सके। सच कहूं तो रोमांस मेरे दिल के सबसे करीब है और मैं चाहती हूं कि फिर से एक ऐसी मोहब्बत की दास्तान करूं जिसे ऑडियंस बरसों तक याद रखें। मैं जल्दबाजी नहीं करती और सही मौके का इंतजार करती हूं। मुझे खुशी है कि मैं इंतजार कर सकती हूं। बस अफसोस इतना है कि महिलाओं के लिए गहरे और मजबूत किरदार कम मिलते हैं। किसी कहानी में आकर्षण तो स्वाभाविक होता है।

हॉलीवुड मसाला



# तुम ये पूछने वाली होती कौन हो?

**लॉस एंजिल्स।** परिणीति चोपड़ा के मां बनने की खबर से प्रियंका चोपड़ा बेहद खुश हैं और उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी बहन और राघव चड्ढा को बधाई दी। प्रियंका के इस पोस्ट पर कुछ लोगों ने सवाल उठाए, वहीं कई प्रशंसकों ने उनका समर्थन किया। कुछ ने तो सवाल उठाने वालों से भी पूछा है कि तुम ये पूछने वाली हो कौन? परिणीति चोपड़ा मां बनने वाली हैं और अपनी चचेरी बहन की इस खुशखबरी पर प्रियंका चोपड़ा फूले नहीं समा रहीं। प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर बहन के लिए ये प्यार जताते हुए कपल को बधाई दी है।



# जेरी एडलर ने द गुड वाइफ में दर्शकों का दिल जीता

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी स्टार 'जेरी एडलर' का 96 साल की आयु में निधन हो गया। जेरी ने 62 साल की उम्र में अपना अभिनय कॅरियर शुरू किया। उन्होंने 'द सोप्रानोस' और 'द गुड वाइफ' में अपनी भूमिकाओं से दर्शकों का दिल जीता। जेरी एडलर ने अपने कॅरियर की शुरुआत ब्रॉडवे के पर्दे के पीछे स्टेज मैनेजर के रूप में की। उन्होंने माई फेयर लेडी, ऑफ द आई सिंग और द एप्पल ट्री जैसे प्रसिद्ध नाटकों में काम किया। वे कैथरीन हेपबर्न और जीरो मोस्टेल जैसे दिग्गजों के साथ भी जुड़े। 62 साल की उम्र में जेरी ने अभिनय शुरू किया। 1991 में ब्रुकलिन ब्रिज से डेब्यू करने के बाद, वे 1993 में वुडी एलेन की फिल्म 'मैनहट्टन मर्डर' मिस्ट्री में नजर आए। उनकी सबसे यादगार भूमिका द सोप्रानोस में हरमन हेश रबकिन की थी, जो 1999 से 2007 तक चली। इसके अलावा, द गुड वाइफ और द गुड फाइट में हॉवर्ड लाइमैन के किरदार में भी वे लोकप्रिय हुए।



# रागिनी एमएमएस की तीसरी किस्त में एंट्री

**मुंबई।** निर्माता और निर्देशक एकता कपूर एक बार फिर से अपनी आगामी फिल्म 'रागिनी एमएमएस 3' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। हर बार की तरह इस बार फिल्म में नई स्टार कास्ट नजर आएगी, जिसमें अभी तक तमन्ना भाटिया की एंट्री हो चुकी है। वहीं, अब एक और एक्ट्रेस के होने की जानकारी सामने आई है। रागिनी एमएमएस 3 में तमन्ना भाटिया के बाद अब एकता कपूर की इस फिल्म में नोरा फतेही भी शामिल हो चुकी हैं। तमन्ना भाटिया जल्द ही हॉरर और थ्रिलर से भरी फिल्म 'रागिनी एमएमएस 3' में मुख्य भूमिका निभाएंगी। उन्हें इस फिल्म की कहानी और उसमें मौजूद हॉरर का तड़का बहुत पसंद आया, जिसके चलते उन्होंने इस प्रोजेक्ट के लिए हां कर दी है। तमन्ना के साथ अब खूबसूरत अभिनेत्री नोरा फतेही भी इस फिल्म का हिस्सा बन गई हैं।




# नई सीरीज डू यू वाना पार्टनर की घोषणा

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने नई सीरीज 'डू यू वाना पार्टनर' की घोषणा की है। करण ने अपने इंस्टाग्राम पर मंगलवार को सीरीज का पहला पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में सीरीज की लीड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी नजर आ रही हैं। करण ने इसकी रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है, जिसके मुताबिक यह नई सीरीज 12 सितंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। हालांकि, अभी तक सीरीज के बारे में और जानकारी तो सामने नहीं आई है और न ही इसकी कास्ट का पता चला है। लेकिन करण जौहर ने अपनी पोस्ट में तमन्ना और डायना के अलावा नकुल मेहता, श्वेता तिवारी, जावेद जाफरी, नीरज काबी और रणविजय जैसे सितारों को भी मेंशन किया है। जिससे ये उम्मीद जताई जा रही है कि ये सितारे भी सीरीज का प्रमुख हिस्सा हो सकते हैं।

टीवी मसाला



# इन 7 सदस्यों पर लटकी घर से बेघर होने की तलवार

**नई दिल्ली।** सलमान खान का विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' की धमाकेदार शुरुआत हो चुकी है। शो में इस बार 15 हस्तियों ने एंट्री की है, और आते ही बवाल काटना शुरू कर दिया है। जहां प्रीमियर के बाद दूसरे दिन घरवालों में आते ही झगड़ा देखने को मिला। वहीं, अब नॉमिनेशन्स भी शुरू हो गए हैं। इस हफ्ते बेघर होने के लिए कौन-कौन नॉमिनेट हुए हैं, उनके नाम आ चुके हैं। 'बिग बॉस 19' के 25 अगस्त वाले एपिसोड में सभी कंटेस्टेंट्स को असेम्बली रूम में बुलाया गया था। वहां पूछा गया कि अभी घरवालों को कौन-सा सदस्य कम एक्टिव है। ज्यादा वोट फरहाना भट्ट को मिले, जिसके बाद उन्हें घरवालों की नजरों में तो बेघर कर दिया गया लेकिन जनता के लिए वह सीक्रेट रूम में हैं, जहां से पूरे घर को मॉनीटर कर रही हैं। घरवालों को जहां ये लगा कि पहले हफ्ते का पहला एविक्शन हो गया है तो वह सेफ हैं। लेकिन ऐसा नहीं है। 26 अगस्त को आने वाले नॉमिनेशन स्पेशल में टास्क हुआ, और उसमें कुल सात कंटेस्टेंट्स बेघर होने के लिए नॉमिनेट किए गए। इसमें अभिषेक बजाज, गौरव खन्ना, जीशान कादरी, नीलम गिरी, तान्या मित्तल, नतालिया जानोसजेक और प्रणति मोरे का नाम शामिल है। वैसे हर सीजन की एक रीत रही है कि पहले हफ्ते मेकर्स किसी को बेघर नहीं करते। लेकिन इस बार अगर कुछ नया करना हुआ तो कोई एक सदस्य बाहर जा सकता है।

## बप्पा को घर लाए गुरमीत और देबिना

**नई दिल्ली।** गणेश चतुर्थी का त्योहार आ गया है। लोगों के घरों में बप्पा का आगमन होना शुरू हो गया है। बॉलीवुड में भी कई सेलेब्स हैं, जो हर साल बप्पा को अपने घर लाते हैं। अब इस साल भी ये सिलसिला शुरू हो गया है। टीवी से लेकर फिल्मों तक का सफर करने वाले अभिनेता गुरमीत चौधरी और उनकी पत्नी देबिना बनर्जी ने अपनी परंपरा को कायम रखा है। दोनों हर वर्ष की भांति इस साल भी अपने घर बप्पा को लाए हैं। अब इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। गणपति के परम भक्त माने जाने वाले गुरमीत और देबिना के जोड़े ने अपनी बेटियों लियाना और दिविशा के साथ बप्पा का अपने घर में स्वागत किया है। वायरल वीडियो में दोनों अपनी गणपति की मूर्ति घर लाने से पहले एक मूर्ति की दुकान पर जाते हुए दिखाई दिए। इस वीडियो में परिवार बड़े प्यार से मूर्ति को ले जाते हुए दिखाई दे रहा है।



# अपनी मिमिक्री देख भड़के सुनील

## बोले- इतना घटिया मैंने कभी नहीं देखा

**मुंबई।** सुनील शेट्टी हाल ही में एक इवेंट में पहुंचे और इस दौरान जब एक आर्टिस्ट ने उनकी मिमिक्री की तो वह काफी भड़क गए। इतना ही नहीं, उन्होंने आर्टिस्ट को दोबारा उनकी मिमिक्री करने से मना कर दिया। सुनील शेट्टी जो आम तौर पर काफी कूल दिखते हैं, उनका नया वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह गुस्से में नजर आ रहे हैं।



वीडियो में आप देखेंगे कि सुनील एक आर्टिस्ट को उनकी मिमिक्री करने के लिए डांट रहे हैं और सभी काफी हैरानी से एक्टर को देख रहे हैं। वीडियो भोपाल का बताया जा रहा है, हालांकि कब का है यह इवेंट पता नहीं चल पाया है। सुनील बोलते हैं, 'तब से यह भाईसहाब अलग-अलग डायलॉग बोल रहे हैं जो मेरी आवाज में है ही नहीं। इतना घटिया मिमिक्री मैंने कभी देखा बी नहीं है। जब सुनील शेट्टी बोलता है तो एक मर्द की तरह बोलता है, ये बच्चे की तरह बोल रहा था। बेटा जब मिमिक्री करते हो तो अच्छे से करनी चाहिए। खराब नकल नहीं करनी चाहिए।' सुनील की इस बात को सुनकर मिमिक्री आर्टिस्ट माफी भी मांगते हैं। वह बोलते हैं, 'सॉरी सर, मैं बिल्कुल आपकी मिमिक्री करने की कोशिश नहीं कर रहा था।' इस पर सुनील बोलते हैं कि कोशिश करना भी मत बेटा। अभी बहुत टाइम है सुनील शेट्टी बनने में, पीछे बाल बांधने से कुछ नहीं होता है। अभी बच्चा है, लगता है सुनील शेट्टी की एक्शन फिल्म नहीं देखी है इसने। इस वीडियो को देखकर सब काफी हैरान हैं और सुनील के रिएक्शन से निराश भी हैं। किसी ने कमेंट किया कि ये काफी रूड है।

# अनीत यशराज की फिल्म में मनीष संग करेंगी काम उधर विक्की कौशल की 'महावतार' को झटका

**मुंबई।** अनीत पड्डा के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। खबर है कि यशराज फिल्म्स ने उन्हें एक और नई रोमांटिक फिल्म ऑफर की है, जिसे 'बैंड बाजा बारात' फेम मनीष शर्मा डायरेक्ट करेंगी। दूसरी ओर, चर्चा है कि विक्की कौशल की 'महावतार' पोस्टपोन हो गई है। अनीत पड्डा और अहान पांडे इन दोनों ही युवा कलाकारों के करियर पर आदित्य चोपड़ा की बारीक नजर है। 'सैयारा' की सफलता के बाद, दोनों ही जेन-जी के लिए रोमांस का चेहरा बनकर उभरे हैं। ऐसे में



आदित्य का मानना है कि एक और रोमांटिक फिल्म के लिए यह एकदम सही समय है। उन्होंने इसके लिए अपने पुराने भरोसेमंद मनीष शर्मा पर दांव लगाया है। नई रोमांटिक फिल्म का प्री-प्रोडक्शन शुरू हो गया है। बैंड बाजा बारात और शुद्ध देसी रोमांस जैसी फिल्मों से मशहूर हुए मनीष शर्मा की यह फिल्म पंजाब पर आधारित होगी। इसकी शूटिंग 2026 की पहली छमाही में शुरू हो जाएगी। इससे पहले फिल्म की कास्टिंग पर काम होगा। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि मेकर्स अनीत के अपोजिट लीड रोल में किसे कास्ट करते हैं। वैसे, मनीष शर्मा की पिछली फिल्म सलमान खान संग 'टाइगर 3' थी, जो बॉक्स ऑफिस पर दम नहीं दिखा पाई थी। दूसरी ओर, विक्की कौशल की फिल्म 'महावतार' इसी साल आखिरी तिमाही में फ्लोर पर आने वाली थी। लेकिन, अब इसके निर्माण में देरी होगी। विक्की इन दिनों संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' में बिजी हैं। इसलिए वह 'महावतार' की शूटिंग अगले साल अप्रैल से पहले शुरू नहीं कर पाएंगे। ऐसे में इसे दिसंबर 2026 में रिलीज करना संभव नहीं होगा।

## देवा हो देवा गणपति देवा, तुमसे बढ़कर कौन ...

# बॉलीवुड के ये गाने गणेश चतुर्थी पर ले आते हैं भक्ति की शक्ति

**नई दिल्ली।** आज से देशभर में गणेश उत्सव शुरू हो रहा है। पंडाल सज चुके हैं और लोग गणपति बप्पा का स्वागत करने को बेताब हैं। ऐसे में बॉलीवुड के भक्ति से भरे ये गणेश चतुर्थी स्पेशल गाने उत्सव का रंग और खास बना देते हैं।

**देवा श्री गणेश (अग्निपथ) :** ऋतिक रोशन और प्रियंका चोपड़ा पर फिल्माए गए इस गाने का संगीत अजय अतुल ने दिया है। जबकि गाने को अजय गोगवाले ने आवाज़ दी है।

**मोरिया रे (डॉन (2013) :** शाहरुख़ खान पर यह गाना फिल्माया गया है, जिसे शंकर महादेवन ने आवाज़ दी है। जावेद अख्तर के लिखे इस गाने का संगीत शंकर-एहसान-लॉय ने दिया है, जो खासकर विसर्जन के वक्त बजाया जाता है।

**बप्पा (बैंजो) :** रितेश देशमुख और नर्गिस फखरी पर यह गाना फिल्माया गया है। गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं और विशाल-शेखर इसके कंपोजर हैं। विशाल ददलानी ने यह सॉन्ग गाया है।

**शंभू सुतया (एनी बडी कैन डांस) :** गणेश आचार्य, प्रभु देवा आदि पर फिल्माया गया यह गाना सचिन जिगर ने कंपोज किया है। गाने के बोल मयूर पुरी ने लिखे हैं और शंकर मदेवन और विशाल ददलानी ने इसे आवाज़ दी है।

**सड्डा दिल भी तू (एनी बडी कैन डांस) :** इस गाने को आवाज़ हार्ड कौर ने दी है। सचिन जिगर इसके कंपोजर हैं और मयूर पुरी ने इस गाने के बोल लिखे हैं।



**गजानना (बाजीराव मस्तानी) :** रणवीर सिंह, प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण जैसे कलाकारों से सजी फिल्म का यह गाना सुखविंदर सिंह ने गाया है।प्रशांत इंगोले ने इसके बोल लिखे हैं। श्रेयस पुराणिक ने गाने को कंपोज किया है।

**विघ्नहर्ता (अंतिम : द फाइनल ट्रुथ) :** सलमान खान और आयुष शर्मा स्टारर फिल्म का यह गाना वरुण धवन पर फिल्माया गया है। गाने के बोल वैभव जोशी ने लिखे हैं और संगीत हितेश मोदक ने दिया है। अजय गोगवाले इस इस गाने के सिंगर हैं।

**गणपति आरती (सरकार 3) :** अमिताभ बच्चन पर फिल्माया गया यह गाना उन्होंने ही गाया है। रोहन विनायक ने इस गाने का संगीत दिया है।

**गणपति बप्पा (दिन दहाड़े) :** सुरेश वाडकर और कुमार सानू ने इस गाने को आवाज़ दी है। गाने के कंपोजर जीतू-तपन हैं और नक्श ल्यालपुरी ने इस गाने के बोल लिखे हैं।

**देवा हो देवा (हमसे बढ़कर कौन) :** आशा भोसले, शैलेन्द्र सिंह, भूपिंदर, सपन चक्रवर्ती, और मोहम्मद रफ़ी ने यह गाना गाया है। राम लक्ष्मण इसके कंपोजर हैं और रविंदर रावल ने इसके बोल लिखे हैं।

**शेंदूर लाल चढ़ायो (वास्तव) :** गणेश चतुर्थी के लिए एक गान माना जाता है, इसे अक्सर गणेश के आगमन और विसर्जन के दौरान बजाया जाता है। संजय दत्त का भावनात्मक प्रदर्शन इसके प्रभाव को बढ़ाता है।

**'सुनो गणपति बप्पा मोरया (जुड़वा 2) :** वरुण धवन की फिल्म 'जुड़वा 2(2017)' में 'सुनो गणपति बप्पा मोरया.' बहुत ही शानदार ढंग से फिल्माया गया है। वरुण धवन ने इस गाने पर कमाल का डांस किया है। गणेश उत्सव में भी यह गीत आम जनमानस बजाते हैं।

**मेरा ही जलवा (वॉन्टेड) :** साल 2009 में रिलीज हुई सलमान खान की फिल्म वॉन्टेड में 'मेरा ही जलवा' नाम एक गाना था, जिसमें सलमान खान का किरदार गणेश उत्सव में जमकर डांस करता है। बप्पा की पूजा करता है। इस गाने में अनिल कपूर की झलक भी देखने को मिलती है।

**सुख कर्ता दुख हर्ता (अतिथि तुम कब जाओगे) :** अजय देवगन की फिल्म 'अतिथि तुम कब जाओगे(2010)' में मराठी भाषा की चर्चित गणेश आरती शामिल थी। यह फिल्म के क्लाइमैक्स में आती है। यह आरती फिल्म में दिए गए संदेश को और भी खास बना देती है।

## खबर संक्षेप

### सूरत के स्वच्छता प्रबंधन से प्रेरणा लेंगे नपाध्यक्ष



**चरचा कॉलरी।** राज्य शहरी विकास प्राधिकरण छग द्वारा स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2 के तहत गुजरात राज्य के सूरत नगर निगम में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े उत्कृष्ट कार्यों के अवलोकन एवं अध्ययन के लिए छग राज्य के विभिन्न नगर पालिका अध्यक्षों एवं अधिकारियों का एक प्रतिनिधि दल गठित किया गया है। इस अध्ययन भ्रमण दल में नगर पालिका परिषद शिवपुर चरचा के अध्यक्ष अरूण कुमार जायसवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा को भी शामिल किया गया है। यह दल 28 से 30 अगस्त तक सूरत नगर निगम के अंतर्गत संचालित ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता नवाचार तथा अन्य प्रबंधन कार्यों का निरीक्षण एवं अध्ययन करेगा। अध्ययन भ्रमण से प्राप्त अनुभव एवं नवीनतम तकनीकी जानकारियों का लाभ शिवपुर चरचा नगर पालिका को मिलेगा, इससे भविष्य में नगर के भीतर स्वच्छता प्रबंधन से संबंधित कार्यों को और भी बेहतर ढंग से संचालित किया जा सकेगा। नगर पालिका अध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि इस भ्रमण से स्थानीय स्तर पर अपशिष्ट प्रबंधन की कार्ययोजना को और अधिक सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी। वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री ओझा का कहना है कि सूरत नगर निगम की कार्यप्रणाली और स्वच्छता व्यवस्था पूरे देश में मिसाल है और उसका अध्ययन शिवपुर-चरचा नगर की स्वच्छता व्यवस्था को एक नई दिशा देगा।

### प्रथम आगमन पर कैबिनेट मंत्री राजेश का होगा स्वागत

**अम्बिकापुर।** संकल्प भवन में आयोजित भाजपा की बैठक में प्रभार ग्रहण उपरांत मंत्री राजेश अग्रवाल के प्रथम सरगुजा आगमन पर उनका भव्य स्वागत करने का निर्णय लिया गया। मंत्री श्री अग्रवाल का 28 अगस्त को सुबह 11 बजे उदयपुर, लखनपुर होते हुए शाम 4 बजे संकल्प भवन पहुंचेगें जहां उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष अंबिकेश केशरी ने कहा कि कार्यकर्ता पूरे उत्साह और एकजुटता के साथ मंत्री के स्वागत में भाग लेंगे। बैठक का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला ने किया। इस दौरान ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, प्रशांत त्रिपाठी, विनोद हर्ष, राजकुमार बंसल, विद्यानंद मिश्रा, संतोष दास, निश्चल प्रताप सिंह, अभिषेक शर्मा, मनोज गुप्ता, रूपेश दुबे, कमलेश तिवारी, मनोज अंसारी, दूधनाथ गोस्वामी, संजीव वर्मा, शानू कश्यप, मनोज सोनी, अजय सोनी आदि उपस्थित थे।

## सुबह से ही महिलाएं नदी-घाटों, मंदिरों व पवित्र स्थलों पर जुटा

# पति की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

**बिजुरी।** भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर मनाया जाने वाला हरतालिका तीज का व्रत इस वर्ष भी नगर व आसपास के क्षेत्रों में बड़े धूमधाम और श्रद्धा-भक्ति के साथ संपन्न हुआ। पति की लंबी आयु, सुखमय दांपत्य जीवन और परिवार की समृद्धि की कामना को लेकर विवाहित महिलाओं ने दिनभर निर्जल उपवास रखा। वहीं अविवाहित कन्याओं ने भी इस पर्व में भाग लेकर भगवान भोलेनाथ से मनचाहे वर की प्राप्ति के लिए प्रार्थना की। सुबह से ही महिलाओं का समूह स्थानीय नदी-घाटों, मंदिरों व पवित्र स्थलों पर जुटा। विधि-विधान से स्नान कर उन्होंने भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की। पूजा के बाद सभी ने निर्जला व्रत का संकल्प लिया, जिसमें पूरे दिन बिना जल ग्रहण किए उपवास किया जाता है।



पूजा-अर्चना करती महिलाएं।

### कथा का धार्मिक महत्व-

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता पार्वती ने कठोर तप कर भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त किया था। इस दिन को उसी तपस्या की स्मृति में हरतालिका तीज के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि इस व्रत को विधिपूर्वक करने से दांपत्य जीवन सुखमय होता है और परिवार में मंगल व समृद्धि बनी रहती है। व्रत के दौरान पूरे नगर का माहौल भक्ति और उल्लास से सराबोर रहा। महिलाएं समूह में भजन-कीर्तन करती हुई माता पार्वती और भगवान शिव के जयघोष लगाती रहीं। कहीं परिजन महिलाओं की सेवा में लगे दिखे तो कहीं मंदिरों में विशेष सजावट व दीपों से वातावरण आध्यात्मिक बना रहा। हरतालिका तीज को केवल एक धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं बल्कि लोकमंगल और सामाजिक एकता का पर्व भी माना जाता है। यह पर्व महिलाओं की आस्था, त्याग और श्रद्धा का अद्भुत प्रतीक है, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी परंपरा के रूप में आगे बढ़ता आ रहा है।

### परंपरा और श्रृंगार का महत्व-

सांयकालीन बेला में महिलाओं ने पारंपरिक सोलह श्रृंगार धारण कर माता गौरी की पूजा की। सुहागिनों ने चुनरी, चूड़ी, सिंदूर, महावर, बिंदी और अन्य श्रृंगार सामग्रियों के साथ माता को सुहाग सामग्री अर्पित की। इसके बाद हरतालिका तीज की पौराणिक कथा का श्रवण कर, अपने पति की लंबी उम्र, उत्तम स्वास्थ्य और अखंड सौभाग्य की कामना की।

# करीलधोआ में पशु स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर



आयोजित शिविर।

बुधवार के दिन कोरिया जिले के ग्राम करीलधोआ में वाटरशेड प्रा.लि. एवं पशुधन विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के ग्रामीण किसान एवं पशुपालकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर के दौरान पशुओं का उपचार, टीकाकरण तथा पशुओं में रोग नियंत्रण के लिए आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। साथ ही पशुओं में बांझपन की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए विशेष उपचार की व्यवस्था की गई।

पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी श्री पटेल ने किसानों एवं पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य प्रबंधन के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पशुओं के संतुलित आहार, देखभाल और बीमारियों से बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त उन्होंने पशुओं के भोजन में शामिल किए जाने वाले हरे चारे की विभिन्न प्रजातियों जैसे नेपियर घास, बरसीम, मकई और अन्य पौष्टिक चारा प्रजातियों की पहचान और उपयोगिता के बारे में भी बताया। ग्रामीणों ने शिविर से प्राप्त जानकारी को अत्यंत उपयोगी बताया और भविष्य में इस तरह के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की। कार्यक्रम को सफल बनाने में पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी सलका श्री पटेल, ड्रेसर सत्यनारायण तथा आशीष सिंह, चंद्रभान गिरी और एस मिंज ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# राष्ट्रीय स्तर पर वसुंधरा ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल के छात्र दिखाएंगे अपनी प्रतिभा



**अम्बिकापुर।** वसुंधरा ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए अनुव्रत क्रिएटिव कॉन्टेस्ट में राष्ट्रीय स्तर पर जगह बनाई है। यह प्रतियोगिता 9 सितम्बर को अहमदाबाद में आयोजित होगी।

स्कूल के छात्रों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी काबिलियत साबित की और अब राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि यह पूरे शहर और छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है। छात्रों की इस सफलता ने साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से हर लक्ष्य पाया जा सकता है। वसुंधरा ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल क्षेत्र का एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान है, जो न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है बल्कि छात्रों को रचनात्मकता, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामाजिक मूल्यों से भी जोड़ता है। यही कारण है कि यहां के विद्यार्थी हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शहर का नाम रोशन कर रहे हैं।

# संत हरकेवल शिक्षा महाविद्यालय में व्याख्यान माला एवं मेहंदी स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



संत हरकेवल शिक्षा महाविद्यालय सोमवार को मालवीय मिशन एवं संत हरकेवल शिक्षा महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में समसामयिक समाज के युग दृष्टा महामना मदन मोहन मालवीय की व्याख्यान माला और छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत स्वीप मतदाता जागरूकता और उल्लास नवभारत साक्षरता से संबंधित मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में ऑल इंडिया मालवीय मिशन के सदस्य हरिशंकर त्रिपाठी, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मालवीय मिशन अध्यक्ष ब्रह्मा शंकर, मालवीय मिशन के पूर्व अध्यक्ष मदन मोहन मेहता, मालवीय मिशन सचिव सुरेंद्र गुप्ता, मालवीय मिशन उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, डॉ दिनेश सिंह, प्रकाश कश्यप, एम.सिद्दीकी, स्वीप परियोजना अधिकारी गिरीश गुप्ता उपस्थित हुए।

व्याख्यान माला का संचालन ब्रह्मा शंकर के मुखारविंद से हुआ। उन्होंने मदन मोहन मालवीय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए गीता के महत्व को समझाया। हरिशंकर त्रिपाठी ने अपने अनुभव को साझा किया और मदन मोहन मालवीय से संबंधित किताबें पढ़ने की सुझाव देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य को महामना की प्रतिमा भेट की। श्री त्रिपाठी ने महामना के अंग्रेजी सत्ता के खिलाफ वैचारिक संग्राम को रखा जिसमें चौरी- चौरा से संबंधित मुकदमा की पासा पलट की बात को समझाया। शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र की रीड की हड्डी है जिससे पूरा राष्ट्र खड़ा है,अतः शिक्षकों को हमेशा सकारात्मक,उत्साहवर्धक सोच के साथ बढ़ाना चाहिए और उन्हें निरंतर शिक्षारत रहना चाहिए नहीं तो हम समाज के समसामयिक बहुत सारी समस्याओं से पीछे रह जाएंगे। डॉ. दिनेश सिंह ने योग का अर्थ समझाते हुए बताया कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि पुस्तक, माता-पिता, समाज, सांस और शरीर का सच्चा संबंध ही योग है जिसे हर व्यक्ति को आज के परिवेश में करना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सबसे बड़ी बीमारी का कारण मोबाइल होगा अतः मोबाइल का समुचित प्रयोग करना ही जरूरी है। रणविजय सिंह तोमर ने गीता की महत्ता को समझाते हुए कहां की गीता प्रत्येक जीवन के लिए आवश्यक पुस्तक है और उससे हर व्यक्ति को गुजरना पड़ता है अतः इसका अध्ययन अति आवश्यक है।

# यूरिया की जमकर चल रही काला बाजारी, दो पिकअप यूरिया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर



एक तरफ किसान यूरिया खाद की किल्लत से जूझ रहे है और उनकी फसलों पर खतरा मंडरा रहा है तो वहीं दूसरी ओर तस्कर बेखौफ होकर उर्वरक की तस्करी करने के साथ मनमाने दरों पर इसकी बिक्री कर रहे है। इस बात का खुलासा प्रशासन और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम की कार्रवाई से हुआ है। जिले में खाद के अवैध भंडारण, काला बाजारी व निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर खाद की बिक्री जोर शोर से चल रही है। ऐसे में किसानों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

यूरिया नहीं मिलने से किसानों कि फसल पर खतरा मंडराने लगा है। इस बीच अवैध रूप से खाद बिक्री,काला बाजारी पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने कार्रवाई के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम रामानुजगंज आनंद नेताम, खाद्य विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की है। टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रामचंद्रपुर क्षेत्र में अवैध रूप से यूरिया का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के बाद संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर टिकीदीरी में 2 पिकअप को पकड़कर उसकी जांच की। जांच के दौरान पिकअप वाहन में 50-50 बोरी यूरिया मिला। चालक यूरिया का परिवहन बिना किसी वैध दस्तावेज के कर रहा था और इसकी कालाबाजारी की जा रही रही थी। संयुक्त टीम ने 100 बोरी यूरिया और दो पिकअप वाहनों को जब्त कर रामचंद्रपुर पुलिस के सुपुर्द किया गया है। इसके साथ ही टीम ने रामचंद्रपुर के नारायण कृषि सेवा केंद्र के निरीक्षण के दौरान निर्धारित उर्वरक मूल्य सूची चस्पा नही होने के कारण कृषि सेवा केंद्र के संचालक को नोटिस जारी किया गया है। बलरामपुर विकासखंड अंतर्गत कृषि विभाग की टीम द्वारा संचालित निजी उर्वरक विक्रय केंद्रों में औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें पास मशीन में संधारित उर्वरक मात्रा एवं भौतिक रूप से भंडारित उर्वरक की मात्रा का मिलान किया गया। जिसमें अंतर पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। साथ ही दुकानों में संधारित स्टॉक पंजी, मूल्य सूची प्रदर्शन, कृषकों को दिए जाने वाले बिल का निरीक्षण किया गया। एवं उर्वरक विक्रय केंद्र के संचालक को निर्धारित दर में ही उर्वरक कृषकों को विक्रय करने हेतु निर्देशित किया गया।

# म्यूल अकाउंट खुलवाकर दिया साइबर ठगों को, गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** साइबर ठगों को अपने नाम से सिम और बैंक खाता उपलब्ध कराने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने कमीशन लेकर साइबर ठगों को खाता उपलब्ध कराया था जिसमें 2 लाख रुपए से अधिक के लेनदेन के सबूत मिले है। बता दें कि म्यूल अकाउंट को लेकर सरगुजा जिले में बड़े पैमाने पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कार्रवाई के तहत पुलिस ने पूर्व में भोले भाले लोगों को झांसे में लेकर बैंक खाता खुलवाने और धोखे से उनके नाम पर सिम कार्ड निकालने के मामले में कोतवाली पुलिस ने रवि कश्यप, अमलेश्वर कुमार वैष्णव व गौतम सिंह को बीएनएस की धारा 318(4), 3(5), 319 (2), 111(2) आईटी एक्ट 66 (ग) के तहत गिरफ्तार किया था।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जगह-जगह आकर्षक...

घर और पंडाल तक लाने का उत्साह देखते ही बनता था। इस दौरान शहर का बाजार भी भक्तों की भीड़ से गुलजार हो उठा। गणेश उत्सव की इस रंगत से शहर और गांव दोनों ही भक्ति और उल्लास से सराबोर हैं। श्रद्धालु कहते हैं कि इन 10 दिनों में हर पंडाल और हर गली में बप्पा का दरबार सजता है और हर दिल से यही प्रार्थना निकलती है गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया। आकर्षक पंडालों ने खींचा ध्यान-पूजा समितियों की ओर से भगवान गणेश की प्रतिमा को विराजमान करने के लिए आकर्षक पंडाल बनाए गए। कहीं मंदिर की झलक वाले भव्य पंडाल सजाए गए तो कहीं आधुनिक साज-सज्जा के साथ विशेष थीम पर पंडाल तैयार किए गए। शाम ढलते ही विद्युत झालरों की जगमगाहट से पूरा वातावरण रोशन हो उठा। रंग-बिरंगी रोशनियों से सजे पंडाल भक्तों के आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं।

### मनेन्द्रगढ़ में गणेशोत्सव...

10 दिनों तक नगर में गणेशोत्सव का उल्लास इसी तरह बना रहेगा। विभिन्न समितियों ने सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला भी तैयार की है। इसमें नृत्य, संगीत, रंगोली और प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चे और युवा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

### मिथिलांचल वासियों ने...

सतत कार्यरत रहेंगे। इस अवसर पर प्रेमकांत झा, सुरेश साहू, रमन सिंह, जेजे दुबे सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### मीना राज्यपाल पुरस्कार...

मीना जायसवाल को सह रतन वॉरियर शिक्षक सम्मान एवं शिक्षा कला एवं साहित्य अकादमी कोरिया द्वारा शिक्षक सम्मान, राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक रत्न सम्मान आदि प्राप्त हो चुके हैं। शिक्षा में निष्ठा, विद्यालयों के नियमों के पालन, विद्यालय की टीम भावना एवं विद्यालय की छवि को राज्य स्तर पर पहुंचाने के लिए शिक्षाविद एवं हिंदी साहित्य भारती के जिला प्रभारी सतीश उपाध्याय ने शिक्षिका की भूरी-भूरी प्रशंसा की है।

### ओड़गी नाका में...

पालन करते हुए 16 माह में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने इसे जिले के लिए प्राइम लोकेशन बताया और कहा कि नालंदा परिसर निर्माण भी शीघ्र प्रारंभ होगा। उन्होंने नगर पालिका की खाली भूमि पर अन्य विभागों के लिए भी भवन निर्माण कराने की बात कही। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे ने कहा कि जिले के गठन के बाद से पुलिस अधीक्षक कार्यालय का अभाव था, जो अब पूरा हो रहा है। 2.41 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाला यह आधुनिक कार्यालय पुलिस एवं प्रशासनिक कार्यों में सहूलियत देगा।

### भूमिपूजन पर कॉलेज...

महाविद्यालय का मैदान अब तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, छात्रसंघ चुनावों, खेल गतिविधियों और सरकारी आयोजनों का प्रमुख स्थल रहा है। यदि इसका बड़ा हिस्सा पुलिस कार्यालय को दे दिया जाएगा तो न केवल कॉलेज हित प्रभावित होगा बल्कि गर्ल्स कॉलेज और पीजी कॉलेज दोनों के आयोजनों में लगातार टकराव की स्थिति भी बनेगी। जिले के अन्य महाविद्यालयों की तुलना में पीजी कॉलेज का कैंपस पहले ही छोटा है, ऐसे में उसे और छोटा करने का निर्णय जिले की शिक्षा व्यवस्था के लिए दुर्भाग्यजनक साबित होगा।

### शहर में पंडाल, धरना...

व्यवस्था और विद्युत आपूर्ति के लिए बैकअप की व्यवस्था करना आवश्यक होगा। स्थानीय भाषा में पुलिस, अग्निशमन और चिकित्सा सहायता के संकेतक लगाना भी जरूरी होगा।

जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े कानों की रिशेपिंग
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सैंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
गुर्दे की पथरी का दर्द
सबसे भयानक दर्दों में से एक है। जिसे कोई भी व्यक्ति अनुभव कर सकता है।
इसके लक्षण कारण और उपाय जानने के लिए संपर्क करें
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

Run By: New Life Health & Education Society
"न्यू लाईफ" इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, बैकुण्ठपुर
बैंक ऑफ इण्डिया के बगल में, बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.) 497335
Contact-7909486006,7909977703,07836-232359
प्रवेश प्रारंभ 2025-26
बी.एस.सी. नर्सिंग (4 वर्षीय) 12th-Bio+PNT
छ.ग. शासन,आई.एन.सी., सी.जी.एन.आर.सी. एवं आयुष विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त
12वीं पास छात्र एवं छात्राओं हेतु नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
शासन द्वारा समस्त छात्रवृत्ति का लाभ
AI TOLL FREE No. 08068890538 (24X7)
हॉस्टल, बस, मेस, आधुनिक लाईब्रेरी, कम्प्यूटर लैब, प्रायोगिक लैब इत्यादि की सुविधा उपलब्ध
प्रशिक्षण संस्थान: जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटना | रीजनल हॉस्पिटल चरचा

AISECT Education. Empowerment. Enterprise. EDUCATION & SKILL KNOWLEDGE PROVIDER
N·S·D·C National Skill Development Corporation
ADMISSION OPEN
JULY SESSION
विगत 33 वर्षों से सतत् संचालित प्रदेश का अग्रणी संस्थान
After 10+2 & Graduation
Join Professional Degree & Diploma
BCA DCA PGDCA
MSW, PGDRD, BLib
New Age Courses :-
MS-Office With AI ChatGPT
Data Analytics Using MS-Excel & Power BI
Web Designing & Software Development
Data Science
बेहतर कम्प्यूटर शिक्षा के लिए सम्पर्क करें -
AISECT COLLEGE
TALWAPARA, BAIKUNTHPUR
KACHAHARI PARA SCHOOLPARA
Mob.No. 7000358225, 9826561053

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल)
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
4 सितंबर, 15 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025, 02 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411